Diary no. 14/18/182

To Solve the Problem of Low Level of Bridges

15 Sh. BALBIR SINGH (Israna):

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that there are many very old bridges on Indira Ghandi drain no.8 which are at very low level in comparison to new bridges and during the last year rainy seasons the drain water could not cross these bridges and over flowed in many villages as a result of which the crops of farmers were also damaged; and

b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to solve the above said problem togetherwith the time by which the said problem is likely to be solved?

Sh. Manohar Lal, Chief Minister, Haryana.

a) No Sir, it is not a fact. It is intimated that Drain No. 8 does not pass through Israna constituency, instead it is Nai Nallah Drain. The length of Drain is 29.32 KM (129000 feet) and the discharge capacity of drain is 2241 Cusec. It is intimated that the department has identified three numbers of bridges in dilapidated condition on Nai Nallah Drain, which are narrow in width, at a lower level in comparison to new bridges and requires reconstruction. Further, it is intimated that in last rainy season, water of drain passed smoothly under these bridges as the internal clearance was done as per general practice of the department to ensure free flow of flood water in drain. Therefore, crops were not damaged.

b) The In total there are three bridges in dilapidated condition, i.e. on RD 65000, RD 74800 and RD 49000. Administrative Approval for two bridges i.e. at RD 65000 & RD 74800 has already been accorded by Government amounting to Rs. 646.64 lakhs whose work will be started shortly. Administrative Approval of the third bridge at RD 49000 is under process and its work will be started thereafter.

पुलों के निम्न स्तर की समस्या का समाधान करना

15 श्री बलबीर सिंह (इसराना):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

क) क्या यह तथ्य है कि इंदिरा गांधी ड्रेन नंबर 8 पर कई बहुत पुराने पुल हैं जोकि नए पुलों की तुलना में बहुत निचले स्तर पर हैं और पिछले साल बरसात के मौसम में ड्रेन का पानी इन पुलों को पार नहीं कर सका तथा कई गांवों में जल भराव हो गया जिसके परिणाम स्वरूप किसानों की फसलें भी क्षतिग्रसत हो गई थी; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) नहीं श्रीमान जी, यह तथ्य नही है। यह सूचित किया जाता है कि ड्रेन नंबर 8 इसराना विधानसभा क्षेत्र से होकर नहीं गुजरती है, बल्कि यह नई नाला ड्रेन है। इस ड्रेन की लंबाई 29.32 किलोमीटर (129000 फीट) है और ड्रेन की निष्कासन क्षमता 2241 क्यूसेक है। यह सूचित किया जाता है कि विभाग ने नई नाला ड्रेन पर जीर्ण–शीर्ण स्थिति में तीन पुलों की पहचान की है, जो चौडाई में संकीर्ण हैं, नए पुलों की तुलना में निचले स्तर पर हैं और पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। इसके अलावा, यह सूचित किया जाता है कि पिछले बरसात के मौसम में, ड्रेन का पानी इन पुलों के नीचे से सुचारू रूप से गुजर गया क्योंकि ड्रेन में बाढ़ के पानी के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए विभाग के सामान्य अभ्यास के अनुसार आंतरिक सफाई की गई थी। इसलिए किसी फसल को नुकसान नहीं हुआ।

ख) बुर्जी संख्या 65000, बुर्जी संख्या 74800 और बुर्जी संख्या 49000 पर तीनों पुल जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है। बुर्जी संख्या 65000 और बुर्जी संख्या 74800 पर दो पुलों की प्रशासनिक स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है। जिसका कार्य 646.64 लाख रूपये की लागत से शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। बुर्जी संख्या 49000 पर तीसरे पुल की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है और इसके बाद इसका कार्य शुरू किया जाएगा।